प्रेषक,

रमेश चन्द्र घिल्डियाल
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

संख्या– 2869/79–6–2009

सेवा में,

शिक्षा निदेशक(बे0)
उ0प्र0, लखनऊ।

शिक्षा अनुभाग–6

लखनऊ: दिनांक: 24 फरवरी,2010

विषयः– वेद इण्टरनेशनल स्कूल, सवाया, डायवर्जन, रूड़की रोड, मेरठ को नर्सरी से कक्षा–8 तक की अंग्रेजी माध्यम से 'ब' श्रेणी की अस्थायी मान्यता प्रदान करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशालय के पत्रांक–शि0नि0(बे0)/अ0मा0/7769(299)/2009–10 दिनांक 6–7–2009 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा प्रश्नगत विद्यालय को नर्सरी से कक्षा–8 तक की अंग्रेजी माध्यम से 'ब' श्रेणी की अस्थायी मान्यता दिए जाने की संस्तुति की गयी है।

2– इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि चूंकि प्रश्नगत विद्यालय में सुरक्षा के दृष्टिकोण से अग्निशमन उपकरण लगा दिया गया है एवं अग्निशमन अधिकारी से प्रमाणपत्र भी प्राप्त कर लिया गया है तथा विद्यालय भवन नेशनल बिल्डिंग कोड के अनुरूप होने का प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया गया है। अतः शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त वेद इण्टरनेशनल स्कूल, सवाया, डायवर्जन, रूड़की रोड, मेरठ को नर्सरी से कक्षा–8 तक की अंग्रेजी माध्यम से 'ब' श्रेणी की अस्थायी मान्यता शासनादेश संख्या–2926 /15–6–95–18(20)/91 दिनांक 14–12–1995 में निहित मानकों/शर्तों के अधीन प्रदान की जाती है।

अतः तद्नुसार अवगत होते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें ।

भवदीय,

(रमेश चन्द्र घिल्डियाल)
संयुक्त सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– जिलाधिकारी, मेरठ को इस आशय से प्रेषित कि प्रश्नगत विद्यालय की अस्थायी मान्यता मुख्य अग्निशमन अधिकारी मेरठ एवं अवर अभियंता (ग्रा0अ0से0) मेरठ द्वारा दिए गये प्रमाण पत्र (अग्नि सुरक्षा/नेशनल बिल्डिंग कोड) के आधार पर दी गयी है।
2– सचिव,उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद इलाहाबाद।
3– मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक, मेरठ मण्डल।
4– निरीक्षक, आंग्ल भारतीय विद्यालय उ0प्र0 58 जगत नारायण रोड, लखनऊ।
5– जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मेरठ।
6– प्रबन्धक, वेद इण्टरनेशनल स्कूल, सवाया, डायवर्जन, रूड़की रोड, मेरठ।
7– निजी सचिव, मा0 बेसिक शिक्षा मंत्री जी ।
8– गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(रमेश चन्द्र घिल्डियाल)
संयुक्त सचिव।

Manager
Ved International School
Siwaya, Roorkee Road, Meerut

anumati

Scanned with CamScanner